प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 10.07.2025

- **थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **दिनांक 03.07.2025 को सर्राफा व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना में भी शामिल था अभियुक्त।**
- **अभियुक्त के कब्जे से सफेद धातु आभूषण (लाकेट 11 नग, बच्चों के चूड़े 02 नग, तोडिया के हुक 04 नग, अंगूठी 41 नग, बिछिया 27 जोड़ी), 30000/-रुपये व लूट में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल प्लेटिना नं0-UP77S2699 बरामद किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 08.07.2025 को श्री विवेक तिवारी पुत्र स्व0 सुधीर तिवारी ग्राम हलधरपुर थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात की लिखित तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों द्वारा वादी के वाहन संख्या HERO HF DELUXE UP77AE1354 को भारतीय स्टेट बैंक भोगनीपुर के बगल में वादी की दुकान के पास से चोरी कर लिये जाने पर मु0अ0सं0 225/2025 धारा 303(2) BNS पंजीकृत किया गया था। थाना भोगनीपुर पुलिस को चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कल जो लुटेरा पुलिस पर फायर करके भाग गया था वह लुटेरा आज सिकन्दरा की तरफ से प्लैटिना मोटरसाइकिल से भोगनीपुर की तरफ आ रहा है। जिस पर थाना भोगनीपुर टीम द्वारा दिनांक 09.07.2025 को उक्त व्यकित को चेकिंग के दौरान समय करीब 21.25 बजे चन्दीपुरवा पुलिया के पास घेरकर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अनफासुल हसन पुत्र अकबर हुसैन उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम अकारु थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात बताया जोकि मु0अ0सं0 218/2025 धारा 309(6)/317(2) बीएनएस थाना भोगनीपुर कानपुर देहात व मु0अ0सं0 225/2025 धारा 303(2)/317(2)/109(1) बीएनएस थाना भोगनीपुर कानपुर देहात का वाँछित अभियुक्त है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से सफेद धातु आभूषण (लाकेट 11 नग, बच्चों के चूड़े 02 नग, तोड़िया के हुक 04 नग, अंगूठी 41 नग, बिछिया 27 जोड़ी), 30000/-रुपये व लूट में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल प्लेटिना नं0 UP77 S 2699 बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता -

1. अनफासुल हसन पुत्र अकबर हुसैन निवासी ग्राम अकारु थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

पूँछताछ का विवरण- पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया मैंने दिनांक 03.07.2025 को शाम को अपने दोस्तों योगेश गुप्ता उर्फ भोला, हर्षित गौतम उर्फ राज व रामकुमार के साथ पिपरी अमरौधा रोड पर एक सोनार को लूट कर मिले सोने के आभूषणों को बेचकर मेरे हिस्से में जो 40000/- रूपये आये थे और कुछ चाँदी के जेवरात मुझे हिस्से में मिले थे तथा परसो मैं व रामकुमार, लूट के चांदी के आभूषणों को बेचने के लिये पुखारायाँ आये थे लेकिन आभूषण नहीं बेच पाये थे तो रामकुमार ने प्लान बनाया था कि चलो एक मोटरसाइकिल चोरी कर लेते हैं। मैंने उसको मना किया था तो वह नहीं माना था । स्टेट बैंक भोगनीपुर के पास से एक मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स चोरी कर लिया था, फिर हम दोनों चोरी की गयी मोटरसाइकिल से अपने गाँव जाने के लिए निकले थे कि जगह जगह पुलिस की चेकिंग देखकर छिप गये थे। पिलखिनी से मुंगीसापुर रोड से अपने गाँव की तरफ जा रहे थे कि तभी रास्ते में पुलिस ने रोकने का प्रयास किया था तो हम दोनों लोगो ने बचने के लिये अपने पास रखे तमंचों से फायरिंग शुरू कर दी थी और मैं अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया था मेरे दोस्त रामकुमार को गोली लग गयी थी और वह पकड़ा गया था। मेरा मोबाइल जहां मैं मोटरसाईकिल से कूदकर पुलिस टीम पर फायर किया था वही पर गिर गया था । भागते समय मेरे बाये पैर में तार लग गया था। कल दिनांक 09.07.2025 को जब मैं अपने दोस्त हर्षित गौतम उर्फ राज के घर जा रहा था कि तभी पुलिस नें मुझे पकड़ लिया था।

बरामदगी का विवरण –

सफेद धातु आभूषण 280 ग्राम (लाकेट 11 नग, बच्चों के चूड़े 02 नग, तोडिया के हुक 04 नग, अंगूठी 41 नग, बिछिया 27 जोड़ी), 30000/-रुपये व लूट में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल प्लेटिना नं0-UP77S2699 बरामद किया गया ।

गिरफ्तार करने वाली टीम –

थाना भोगनीपुर पुलिस